प्रादेशिक समाचार
26.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलिंडर पर निर्भरता घटाने के लिए पीएनजी कनेक्शन लेने पर दिया जोर, घर के पास पाईपलाइन होने पर पीएनजी कनेक्शन लेना किया अनिवार्य।

2. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के रांची दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की, एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक नो फ्लाईंग जोन किया घोषित।

3. राज्यभर में रामवनमी को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन मुस्तैद, दस हजार अतिरिक्त पुलिस बलों की हुई तैनाती।

4. आईआईटी–आईएसएम धनबाद का क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन, माइनिंग की पढ़ाई में देशभर में फिर हासिल किया नंबर वन रैंक।

5. छत्तीसगढ़ में चल रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के दूसरे दिन आज झारखंड महिला हॉकी टीम ने तमिलनाडु को 30–0 से किया पराजित।

**********************

केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलिंडर पर निर्भरता घटाने के लिए पीएनजी कनेक्शन लेने पर जोर दिया है। सरकार ने कल आदेश जारी कर कहा कि अगर घर के पास पीएनजी पाईपलाइन है तो उपभोक्ताओं को उसका कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। यदि पाईपलाइन होने के बाद भी कोई पीएनजी कनेक्शन नहीं लेता है तो सूचना की तारीख से तीन माह में उसकी एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति स्थायी रूप से बंद कर दी जायेगी। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार पीएनजी विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

गौरतलब है कि राजधानी रांची में करीब 18 हजार घरों में पीएनजी कनेक्शन का इस्तेमाल हो रहा है।

**********************

देश में लगातार बढ़ती एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी गैस की कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने 27 मार्च को नयी दिल्ली में सभी राज्यों के मंत्रियों की बैठक बुलाई है। बैठक में झारखंड के सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले और आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ इरफान अंसारी शामिल होंगे।

**********************

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के 28 मार्च को रांची आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट से हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक होते हुए लोकभवन और आईआईएम रांची तक 200 मीटर की परिधि में यह प्रतिबंध लागू रहेगा। इस दौरान ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून के संचालन पर पूर्णतः रोक रहेगी। यह निषेधाज्ञा 28 मार्च को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

**********************

चतरा नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अताउर्रहमान उर्फ बाबू भाई के निर्वाचन को चतरा व्यवहार न्यायालय में चुनौती दी गई है। इनके निर्वाचन के विरुद्ध कोर्ट में परिवाद पत्र दायर किया गया है। यह परिवाद पत्र नगर परिषद में अध्यक्ष पद से चुनाव लड़ने वाले अमन यादव और राजेश शाह ने दर्ज कराया है। दोनों ने अलग अलग परिवाद पत्र दायर किया है। परिवाद पत्र में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अताउर्रहमान पर अपने चुनावी शपथ पत्र में संतान से संबंधित जानकारी छुपाने का आरोप लगाया गया है।

**********************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए अभी से तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। राजधानी रांची में आयोजित बैठक में अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने डेंगू और चिकनगुनिया के मच्छरों से बचाव के लिए चलाये गये मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में छूट हुए लाभुकों को अपैल महीने में अभियान चलाकर दवा सेवन कराने का निर्देश दिया।

**********************

स्वास्थ्य विभाग ने सात जिलों में सिविल सर्जन समेत 19 चिकित्सा पदाधिकारियों का तबादला किया है। धनबाद के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार का स्थानांतरण स्वास्थ्य निदेशालय में किया गया है। उन्हें परिवार कल्याण का निदेशक बनाया गया है। वहीं डॉ शोभना टोप्पो को संचारी रोग का निदेशक बनाया गया है। डॉ अश्विनी कुमार को स्वास्थ्य निदेशक के पद पर तैनात किया गया है।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान राम का जीवन हमें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने के लिए प्रेरित करता है। उपराष्ट्रपति ने भगवान राम को धैर्य, त्याग और न्याय के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया, जो समस्त मानवता के लिए न्याय, सत्य और अटूट नैतिकता के सर्वोच्च आदर्श हैं। वहीं प्रधानमंत्री ने कहा कि त्याग, तपस्या और संयम से परिपूर्ण मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन हर परिस्थिति का पूर्ण शक्ति से सामना करने की हमें प्रेरणा देता है।

**********************

राज्यभर में रामवनमी के मद्देनजर जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पूरे राज्य में दस हजार अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। इधर राजधानी रांची और हजारीबाग समेत विभिन्न जिलों में पुलिस फ्लैग मार्च कर त्योहार को सुरक्षित संपन्न कराने का संदेश दे रही है। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बताया कि शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जायेगी।

**********************

आईआईटी–आईएसएम धनबाद ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। संस्थान को मिनरल एंड माइनिंग इंजीनियरिंग में वैश्विक स्तर पर 21वां स्थान मिला है, वहीं इस क्षेत्र में यह संस्थान देश में लगातार नंबर वन बना हुआ है। संस्थान को पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में देश में चौथा स्थान मिला है। संस्थान के उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने बताया कि संस्थान को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग–दक्षिणी एशिया 2026 में 110वां स्थान मिला है, जो क्षेत्रीय स्तर पर इसकी बढ़ती पहचान को दर्शाता है।

**********************

कोडरमा जिले में कल रात हाथी ने एक महिला और एक पुरुष को कुचल कर मार डाला।

इस घटना के बाद रेंजर राम बाबू ने बताया कि वन विभाग और जिला प्रशासन की टीम हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

**********************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव लगभग एक लाख 37 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी दो लाख 45 हजार रुपये प्रति किलोग्राम है।

**********************

छत्तीसगढ़ में चल रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के दूसरे दिन आज महिला हॉकी के पहले लीग मैच में झारखंड ने तमिलनाडु को 30–0 से पराजित किया। प्रतियोगिता में स्विमिंग और वेटलिफ्टिंग स्पर्धाओं में भी झारखंड के खिलाड़ी अपनी भागीदारी निभाएंगे।
इधर भुवनेश्वर में आयोजित पहली इनडोर नेशनल अंडर–20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के दीपक मुंडा ने लंबीकूद में रजत पदक जीता है। दीपक मुंडा की उपलब्धि पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सहित झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी।

*********समाप्त**********